तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 10.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 फरवरी 2025

11 जीवीएम की छात्राओं ने जीती ओवर ऑल ट्रॉफी



12 नागरिक अस्पताल में दिन भर पानी के लिए तरसते रहे मरीज



# हरियाणा बोर्ड परीक्षाएं कल से, 76 केंद्र बनाए, 14986 विद्यार्थी देंगे पेपर

## विभाग की तैयारी पूरी, केंद्र अधीक्षकों को नकल रहित परीक्षा की शपथ दिलवाई

- केंद्र अधीक्षकों को मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या व. मा. विद्यालय में बस्तों का वितरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वीरवार से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही है। जिसको लेकर मंगलवार को केंद्र अधीक्षकों को बस्ते वितरित किए गए। पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सभी केंद्र अधीक्षकों को बस्ते वितरित किए गए। इस दौरान सभी केंद्र अधीक्षकों को नकल रहित परीक्षा संपन्न करवाने की शपथ भी दिलवाई गई। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया के अनुसार सभी केंद्र अधीक्षकों व पर्यवेक्षकों को नकल रहित परीक्षा संचालित करने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही शपथ दिलवाई गई है। इस दौरान सभी खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। व्यवस्था बनाए रखने में योगिता, ऋतुराज, दर्शन, कांता, विष्णु दत्त, अरुण, मीनाक्षी ने सहयोग दिया।बता दें कि 27 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिले में 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर 10वीं और 12वीं कक्षाओं के करीब 14986 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। जानकारी अनुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल को संपन्न होंगी। जबकि 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 28 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेंगी। जिले में दोनों कक्षाओं के 14986 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, इनमें 10वीं कक्षा के 8456 व 12वीं के 6530 विद्यार्थी शामिल हैं। दोनों कक्षाओं का परीक्षा का समय दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। केंद्रों पर सीसीटीवी होंगे और हर कमरे में 24 विद्यार्थियों को बैठाया जाएगा।



सोनीपत। बस्तों को लेकर बाहर निकलते केंद्र अधीक्षक एवं अन्य कर्मी।



सोनीपत। केंद्र अधीक्षकों को वितरित करने के लिये रखे गए बस्ते।

### नकल रोकने को पुलिस का सहयोग लेंगे

हरियाणा शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगी। जिसको लेकर बस्ते वितरित किए गए। सभी केंद्र अधीक्षकों व पर्यवेक्षकों को बोर्ड परीक्षाएं नकल रहित संचालित करवाने की शपथ दिलाई गई है। जिले में बोर्ड परीक्षा को लेकर 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 14 केंद्र संवेदनशील व सात अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखें हैं। जिन पर विशेष निगरानी रहेगी। केंद्रों पर बाहरी हस्तक्षेप रोकने को पुलिस का सहयोग लिया जाएगा।

*-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

### 14 संवेदनशील, 7 अतिसंवेदनशील केंद्र

**ये हैं परीक्षा केंद्र**

| खंड | केंद्र |
|---|---|
| गन्नौर | 12 |
| गोहाना | 22 |
| खरखौदा | 09 |
| सोनीपत | 33 |
| कुल | 76 |

जिले में बनाए गए 76 परीक्षा केंद्रों में 14 संवेदनशील व 7 अतिसंवेदनशील केंद्र हैं। सबसे अधिक अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र गोहाना खंड में है। यहां बोर्ड परीक्षा को लेकर 22 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से कथूरा, भैंसवाल कला सहित पांच परीक्षा केंद्र अति संवेदनशील श्रेणी में शामिल किए गए हैं। वहीं जिले के 14 संवेदनशील केंद्रों में से पांच केंद्र गोहाना खंड में ही हैं।

### 19 शिक्षकों नहीं देंगे परीक्षा ड्यूटी

बोर्ड परीक्षा को लेकर 76 मुख्य केंद्र अधीक्षकों के साथ ही पर्यवेक्षकों की ड्यूटी निर्धारित की थी। इसमें 24 शिक्षक रिजर्व रखे गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने सभी केंद्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों व अन्य शिक्षकों को लेखन सामग्री वितरण में उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। हालांकि 19 शिक्षकों ने परीक्षा ड्यूटी देने में असमर्थतता जताई है। इसमें कुछ ने चुनाव ड्यूटी तो कुछ ने एनसीईआरटी में ड्यूटी होने का हवाला दिया है।

### सुपरिन्टेंडेंट की ट्रेनिंग करवाई

**गन्नौर।** कार्यवाह खंड शिक्षा अधिकारी आजाद दहिया ने बताया कि मंगलवार को सुपरिन्टेंडेंट की ट्रेनिंग भी करवाई जा चुकी है। गन्नौर खंड में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से राजकीय व. मा. विद्यालय बजाना खुर्द व राजकीय व. मा. विद्यालय कैलाना को संवेदनशील व राजकीय व. मा. विद्यालय पुगथला को अति संवेदनशील बूथ हैं।

## सीबीएसई परीक्षाएं : 10वीं के छात्रों ने दी सामाजिक विज्ञान की परीक्षा

**सोनीपत।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के तहत मंगलवार को 10वीं के विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दी। वहीं 12वीं के विद्यार्थियों ने वैकल्पिक विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, टेक्सटाइल डिजाइन, टेक्सेशल व फ्रेंच विषय का पेपर दिया। सीबीएसई परीक्षाओं को लेकर जिले में 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों ने सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया। परीक्षा सुबह 10:30 बजे शुरू हुई। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। सुबह 10:00 परीक्षा केंद्रों पर गेट बंद कर दिया गया था। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले पेपर दे दिया गया था, जिससे वह पेपर को ठीक प्रकार से पढ़ सके।

### शांतिपूर्ण हुई परीक्षा

सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से पेपर संपन्न हुआ। बोर्ड परीक्षाओं के तहत मंगलीवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी, टेक्सटाइल डिजाइन, टेक्सेशल व फ्रेंच विषय का पेपर दिया।

*-वीके मित्तल, प्राचार्य, डीएवी मल्टीपरपज स्कूल, सेक्टर-15*




## पाई गांव से लापता 17 वर्षीय लक्ष्य का शव झज्जर के पास नहर में मिला

**खरखौदा।** पाई गांव के 17 वर्षीय लापता किशोर का शव नहर से मिला है। किशोर का शव रोहद (झज्जर) से बरामद हुआ है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद झज्जर पुलिस शव को परिजनों के हवाले करेगी। पुलिस ने इस केस में हत्या की धाराओं को जोड़ लिया है। गांव पाई निवासी देवी ने 18 फरवरी को पुलिस को शिकायत दी थी कि उसका 17 वर्षीय बेटा लक्ष्य एक दिन पहले घर से बाइक लेकर निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। मंगलवार को रोहद, झज्जर के पास से होकर गुजरने वाली एनसीआर वाटर चैनल नहर में उसका शव पड़ा मिला।



लक्ष्य का फाइल फोटो

### गले में नाड़ा, फीते से बांधे

जांच करने पर पता चला कि लक्ष्य के गले में पायजामे के नाड़े से फंदा लगा हुआ मिला, जबकि उसके जूतों के फीते से उसके हाथों के बांधा गया था। लक्ष्य के मामा रवि का कहना है कि बुधवार को पोस्टमार्टम होगा।

## करंट लगने से कारिंदे की मौत

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र प्लाट फेज 3 में प्लाट नंबर 4 में बिजली का काम करते समय करंट लगने से एक ठेकेदार के कारिंदे की मौत हो गई। मृतक के भाई ने ठेकेदार के खिलाफ थाना बड़ी में शिकायत दी है। शिकायत में भरत कालानी, समालखा के रहने वाले भारत ने बताया कि उसका भाई दीपक पिछले पांच वर्षों से ठेकेदार सरवन के अधीन कार्यरत था। 24 फरवरी को ठेकेदार सरवन ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि काम करते समय दीपक की करंट लगने मौत हो गई है। जारत का आरोप है कि उसके भाई के साथ यह हादसा ठेकेदार सरवन, लाइनमैन और जेई की लापरवाही के कारण हुआ।

### नगर निगम चुनाव जोरों पर, सभी दल तैयार

## भाजपा ने संकल्प पत्र तो कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी किया, लगाई वादों की झड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत नगर निगम के मेयर उपचुनाव को लेकर मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी किया। भाजपा द्वारा घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया गया है। जिसे प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को जारी करना था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में पूर्व मंत्री कविता जैन ने जारी किया। वहीं कांग्रेस का घोषणा पत्र मंगलवार को सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने जारी किया। पुरखास अड्डा स्थित कार्यालय में पूर्व मंत्री कविता जैन ने बताया कि इस संकल्प पत्र में जहां 21 बिंदुओं से प्रदेश के विकास का खाका खींचा गया है, वहीं सोनीपत को लेकर अलग से 18 बिंदुओं में विकास को अमलीजामा पहनाने के लिए संकल्प लिया गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने जोर देकर कहा कि सोनीपत नगर निगम को लेकर उनकी कार्ययोजना तैयार है। सोनीपत शहर के सौंदर्यीकरण व इसे मॉडर्न लुक प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। शहर के साथ-साथ नगर निगम में शामिल गांवों की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, नवीन मंगला, जिला मीडिया प्रभारी नीरज आत्रेय आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

### स्थानीय मुद्दों पर फोकस : कांग्रेस

कांग्रेस द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र के संदर्भ में कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया गया यह घोषणा पत्र स्थानीय मुद्दों, समस्याओं पर आधारित है। 10 साल से भाजपा की सरकार के शासन में सोनीपत में वे मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई, जिनके वायदे करके भाजपा सत्ता में आई है। कांग्रेस पार्टी अपने घोषणा पत्र के माध्यम से सोनीपत की जनता से यह वायदा करती है कि सोनीपत की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया जाएगा। हर समस्या का तय समय में समाधान, हर सुविधा विश्वस्तरीय दी जाएगी। इस दौरान कांग्रेस नेतागण मौजूद रहे।





# आगे खिसकी 'द डिप्लोमैट' की रिलीज डेट...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का दमदार ट्रेलर भी जारी किया गया था, जिसके बाद दर्शकों के बीच फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साह बढ़ गया, लेकिन अब उन्हें फिल्म की रिलीज के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि 'द डिप्लोमैट' अब तय समय पर रिलीज नहीं होगी। फिल्म की रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। अब यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी। द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं।

## लाइफ Style



# सामंथा

## लव लाइफ को रखेंगी प्राइवेट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने तकरीबन एक साल के बाद फिल्म इंडस्ट्री में दोबारा कदम रखा है। वह मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही थीं। 'सिटाडेल' फिल्म की एक्ट्रेस ने फिल्म में लौटने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया है कि यह उनका पहला प्यार है।

सामंथा रुथ प्रभु ने एक इंटरव्यू में अपने आने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बात ही है। उन्होंने बताया है कि वह जल्द ही 'बंगाराम' फिल्म से बतौर फिल्म निर्माता डेब्यू करने वाली हैं। उन्होंने बताया है कि 'रक्त ब्रह्मांड' सीरीज को भी प्रोड्यूज करने वाली हैं। यह सीरीज अभी प्रोडक्शन फेज में है। सामंथा रुथ प्रभु ने बताया 'मुझे जल्द ही रक्त ब्रह्मांड को खत्म करके दूसरी फिल्मों का काम पूरा करना है, जो अगले महीने में रिलीज होने वाली हैं। एक या दो महीने में बहुत काम हैं जो खत्म करने हैं।' उन्होंने फिल्मों को लेकर अपने प्यार के बारे में बताया है। मुझे लगता है कि फिल्मों से मेरी दूरी अब खत्म हो चुकी। यह मेरा पहला प्यार है। सामांथा रुथ प्रभु को पिछली बार 'सिटाडेल; हनी बनी' में वरूण धवन के साथ देखा गया था। फिल्म का निर्देशन राज डीके ने किया था। सामंथा रुथ प्रभु ने इंटरव्यू में बताया है कि अपनी लव लाइफ को बहुत प्राइवेट रखेंगी। उन्होंने कहा कि 'सामांथा सिंगल हैं। मुझे नहीं लगता कि मैं दोबारा अपनी लव लाइफ के बारे में किसी से बात करूंगी। ये मेरी जिंदगी का हिस्सा है, मैंने इसे बहुत ही निजी रखने के बारे में सोचा है। मैं इसके बारे में दोबारा बात नहीं करूंगी।'

## हॉलीवुड मसाला



# अब भारत में धूम मचाने तैयार

**लॉस एंजिल्स।** 'द ब्रूटलिस्ट' अब भारत में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 28 फरवरी को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ब्रैडी कॉर्बेट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में एड्रियन ब्रॉडी, फेलिसिटी जोन्स, गाइ पीयर्स, जो अल्विन, राफे कैसिडी, स्टेसी मार्टिन, इसाक डी बैंकोले और एलेसेंड्रो निवोला जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं। कहानी लास्जलो टोथ (एड्रियन ब्रॉडी) की है, जो एक दूरदर्शी वास्तुकार है, जो युद्ध के बाद के यूरोप से भाग जाता है और अपने जीवन, अपने काम और अपनी पत्नी एर्जबेट (फेलिसिटी जोन्स) के साथ अपने विवाह को फिर से बनाने के लिए अमेरिका आता है।



# ऑस्कर में परफॉर्म करेंगी एरियाना ग्रांडे

**लॉस एंजिल्स।** 97वें ऑस्कर अवॉर्ड में हॉलीवुड इंडस्ट्री के बड़े सितारे अपना परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं। विकेड फिल्म के चर्चित कलाकार एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो स्टेज पर अपना परफॉर्मेंस देने जा रही हैं। वैराइटी के अनुसार, एरियाना ग्रांडे और सिंथिया एरिवो के साथ लिसा की भी प्रस्तुति होने वाली है। लिसा को 'ब्लैकपिंक' ग्रुप पॉप के साथ 'द व्हाइट लोटस' में उनकी हालिया भूमिका के लिए जानी जाती हैं। वैराइटी की न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने लॉस एंजिल्स मास्टर चोरेल की विशेष उपस्थिति की भी घोषणा की गई है। ऑस्कर समारोह का आयोजन 2 मार्च 2025 को होगा। भारतीय समयानुसार ऑस्कर अवॉर्ड इस साल 3 मार्च 2025 को सुबह 5:30 बजे से 8:30 बजे तक प्रसारित होगा।



# हनी सिंह ने मेरा करा दिया कमबैक...

**नई दिल्ली।** हाल ही में सिंगर, रैपर हनी सिंह ने अपना एक नया गाना रिलीज किया है, इस गाने में एक्ट्रेस ईशा गुप्ता नजर आ रही हैं। हनी के गाने में ईशा के डांस की खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में एक्ट्रेस ने भी इस गाने पर बात की। इसे अपने करियर के लिए काफी खास बताया। पैपराजी से बात करते हुए एक्ट्रेस ईशा ने हनी सिंह की तारीफ की है। वह मानती हैं कि हनी के गाने में तहलका मचाया हुआ है। अचानक एक पैपराजी ईशा को कहता है कि आपने तो हनी सिंह का कमबैक करवा दिया। इस पर ईशा कहती हैं कि अरे नहीं, ऐसा नहीं। बल्कि, हनी सिंह ने मेरा कमबैक करवाया। हनी सिंह और ईशा गुप्ता वाले जिस गाने की चर्चा इन दिनों सोशल मीडिया पर हो रही है, उसकी खास बात ये हैं इसमें एक भोजपुरी सिंगर को भी रैपर ने गाने का मौका दिया है।



# 37 साल बाद तलाक लेंगे गोविंदा-सुनीता

**नई दिल्ली।** गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा ने कथित तौर पर अलग होने का फैसला किया है। इन दोनों ने यह फैसला शादी के 37 साल बाद लिया है। गोविंदा और सुनीता आहूजा अक्सर एक साथ कई शोज में साथ नजर आते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बॉलीवुड का यह कपल बीते कुछ वक्त से एक-दूसरे से अलग रह रहा है। कथित तौर पर बताया जा रहा है कि गोविंदा और सुनीता आहूजा की अलग-अलग लाइफ स्टाइल ने उनके बीच दूरियां पैदा कर दी हैं। गोविंदा और सुनीता आहूजा पिछले कुछ समय से अलग रह रहा है। अभी तक, न तो गोविंदा और न ही सुनीता आहूजा ने तलाक की अफवाहों पर कोई आधिकारिक बयान दिया है। बॉलीवुड नाउ के मुताबिक, गोविंदा का एक मराठी एक्ट्रेस के साथ कथित संबंध तलाक का कारण बना है।

## टीवी मसाला




# एआई के गलत इस्तेमाल से परेशान हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लेटेस्ट एपिसोड में शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने एआई पर बात की। अमिताभ ने 'केबीसी 16' के कंटेस्टेंट प्रियांशु से कहा, "मेरा अभी तक एआई के साथ जो परिचय हुआ है, वो गलत ही हुआ है। लोग मेरे चेहरे का इस्तेमाल कर न जाने क्या-क्या बना देते हैं और लिपसिंक कर देते हैं। फिर आम जनता को लगता है कि ये असल में मैं हूं।' बिग बी यहीं नहीं रुके। उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया। बिग बी ने आगे कहा, एक बार, अफ्रीका से मेरे एक प्रशंसक ने मुझे एक तस्वीर भेजी। बता दूं, मैं उनसे आज तक कभी नहीं मिला। उन्होंने जो तस्वीर भेजी उस तस्वीर में मैं कहीं बैठकर कंप्यूटर पर टाइप कर रहा था। मैंने उससे पूछा कि तुम्हें यह तस्वीर कहां से मिली। उसने कहा कि वह मेरा गाना सुन रहा था और एआई की मदद से ये तस्वीर बना रहा था। वो तस्वीर बिल्कुल रियल लग रही थी। क्या यह संभव है? इस पर प्रियांशु कहते हैं, 'हां! आजकल डीपफेक की मदद से ये हो रहा है। प्रियांशु ने बिग बी को बताया कि वह आईआईटी में हैं। उन्होंने कहा, एक बार मैंने सोचा था कि डीपफेक का कोर्स करूं, लेकिन इसका सिलेबस देखने के बाद मैंने हाथ जोड़ लिए। बता दें, प्रियांशु 25 लाख रुपए के सवाल तक पहुंचे थे। हालांकि, उन्हें उस सवाल का जवाब नहीं पता था। ऐसे में उन्होंने क्विट कर दिया और 12,50,000 रुपए लेकर चले गए।

## फराह ने उड़ाया गौरव की बीमारी का मजाक

**नई दिल्ली।** अनुपमा शो के स्टार गौरव खन्ना इन दिनों शो सेलिब्रिटी मास्टर शेफ इंडिया में नजर आ रहे हैं जहां वह खूब कुकिंग भी करते हैं। शो में जज के तौर पर फराह खान नजर आती हैं। गौरव को कलर



ब्लाइंडनेस की दिक्कत है और वह पहले एक इंटरव्यू में कई साल पहले बता चुके हैं। अब हाल ही में शो के दौरान फराह, गौरव को कुछ ऐसा बोल देती हैं कि सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जा रहा है और उन्हें काफी इंसेसिटिव बता रहे हैं। दरअसल, हाल ही में एक एपिसोड के दौरान सभी सेलेब्स को फराह का फेमस रोस्ट चिकन बनाने को बोला जाता है। सभी को फराह का रोस्ट चिकन टेस्ट करने को कहा गया, लेकिन क्योंकि गौरव वेजिटेरियन हैं तो वह टेस्ट नहीं करते और दूसरों से फ्लेवर के बारे में पूछते हैं। इसके बाद वह डिश बना देते हैं, लेकिन प्रेजेंटेशन में उन्हें दिक्कत आती है।

# 'पठान' के सीक्वल में शाहरुख-दीपिका

तपन बक्सी ▶▶| मुंबई

हिंदी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी! 2023 में आई हाई-वोल्टेज स्पाई एक्शन एडवेंचर फिल्म 'पठान' से शाहरुख खान ने अपने कॅरियर में जबरदस्त वापसी की थी। इस फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अब



उसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का सीक्वल लेकर आ रही है यशराज फिल्म्स। 'पठान 2' की स्क्रिप्ट लिखने का काम पूरा हो चुका है और फिलहाल डायलॉग्स को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सबसे बड़ी खबर यह है कि इस साल ही फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तारीख तय हो चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वाली इस फिल्म के मुख्य कलाकार इसके सीक्वल में भी बने रहेंगे। यानी हमें फिर से पठान के रूप में शाहरुख खान, रुबीना के रूप में दीपिका पादुकोण,और कर्नल सुनील लूथरा के किरदार में आशुतोष राणा नजर आएंगे। स्क्रिप्ट राइटर अब्बास टायरवाला ने बताया चूंकि 'पठान' की तरह 'पठान 2' में भी तालियों और सीटी बजाने लायक डायलॉग्स होंगे, इसलिए उन्हें और बेहतर बनाने का काम चल रहा है ताकि दर्शकों पर जबरदस्त असर पड़े। हिंदी सिनेमा के दर्शकों को याद होगा कि 2023 में रिलीज हुई शाहरुख और दीपिका की फिल्म "पठान" ने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक नया इतिहास रचा था। इस समय शाहरुख खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी के तहत, सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में "किंग" फिल्म की शूटिंग की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी अभिनय कर रही हैं। यह फिल्म 2026 के मध्य में रिलीज होने वाली है। यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स में पहले भी कैटरीना कैफ को जोया के रूप में टाइगर फ्रेंचाइजी में दोहराया गया था। इस सीरीज की एक था टाइगर , टाइगर जिंदा है और अन्य फिल्मों ने शानदार सफलता हासिल की।

# 'शिवाय' से लेकर 'ब्रह्मास्त्र' तक भगवान शिव को समर्पित हैं ये फिल्में

**नई दिल्ली। आज** (26 फरवरी) को देशभर में महाशिवरात्रि मनाई जा रही है। इस खास मौके पर हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भगवान शिव को समर्पित हैं।

**शिवाय** : शिवाय फिल्म में अजय देवगन ने एक माउंटेनियर का रोल निभाया था, जिसका नाम शिवाय होता है। फिल्म में उन्होंने भगवान शिव के चरित्र को दिखाने को कोशिश की थी। दिलचस्प बात ये है कि अजय देवगन ने अपनी सीने में भगवान शिव का टैटू भी बनवाया है।




**केदारनाथ** : सारा अली खान और सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म केदारनाथ को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। इस मूवी की कहानी पूरी तरह से केदारनाथ मंदिर के ईर्द गिर्द घूमती हैं, जहां पर भगवान शिव की मूर्ति स्थापित है।

**बाहुबली** : एसएस राजामौली की 'बाहुबली' का सीन एक सीन तो याद होगा, जिसमें प्रभास भारी-भरकम शिवलिंग को उठाकर अपने कंधे पर उठा लेते हैं और फिर उसे झरने के नीचे रख देते हैं। ये बाहुबली फिल्म का सबसे पॉपुलर सीन है।



**सैटेलाइट शंकर** : सूरज पंचोली की फिल्म सैटेलाइट शंकर भी काफी चर्चा में रही। ये मूवी भी भगवान शिव से कनेक्टेड है। इसकी कहानी भगवान शिव के बारे में बहुत कुछ बयां करती है।



**ब्रह्मास्त्र** : अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'ब्रह्मास्त्र' में रणबीर कपूर ने शिवा का किरदार निभाया था, जिसके कुछ खास शक्तियां हैं। इस फिल्म का लोगो साल 2019 में महाशिवरात्रि के मौके पर प्रयागराज के कुंभ मेले से लॉन्च किया गया था।

## जैसे शिव कथा अनंत है वैसे ही फिल्मों में शिव और शिव संबंधित गीत हैं अनंत

# महाशिवरात्रि : जय-जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...

*मुंबई। हिन्दी सिने प्रेमियों को सबसे पहले याद आएगा गाना, 'जय जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...'। जैसे शिव कथा अनंत है वैसे ही फिल्मों में शिव और शिव संबंधित अनंत गीत हैं। शिवरात्रि मतलब भगवान शिव! जो एक साथ सृजनकर्ता और विध्वंसकर्ता दोनों हैं। शिव मतलब महादेव, मतलब त्रिनेत्र, त्रिलोकी, मतलब नृत्य, मतलब तांडव। तांडव मतलब सब नष्ट-भ्रष्ट कर देने को उद्धत। मतलब जो जीर्ण-शीर्ण को नष्ट कर नए के लिए स्थान बनाए और लास्य करे। शिव मतलब रहस्य! जिसे समझना आसान नहीं है, पर जिसकी आराधना की जाती है, पूजा की जाती है। जब भारत में बनी फिल्मों की बात आती है तो भला हम शिव को कैसे भूल सकते हैं? और जब शिव और उनसे जुड़ी बातों की चर्चा फिल्म में होती है, तो बनारस यानी काशी अनायास चली आती है। चाहे सत्यजित राय हों अथवा ऋतुपर्ण घोष, बनारस के आकर्षण से बच नहीं पाते हैं। लेकिन, जब सिने-गीतों में शिव और शिव से जुड़ी फिल्मों-गीतों की बात आती है, तो कान में सबसे पहले गूंजने लगता है, 'ओम शिवो अहम, शिवो अहम...' और आंख के सामने 2009 में बनी तमिल फिल्म 'नान कडावुल' (अहम ब्रह्मास्मि) का नायक आर्या और उसका शक्तिशाली अभिनय और नृत्य घूमने लगता है।*

### तमिल फिल्म 'नान कडावुल' और काशी


फिल्म के निर्देशक हैं, प्रसिद्ध बाला, उन्होंने इसे जगमोहन के तमिल उपन्यास 'एषामउलगम' (सातवीं दुनिया) पर आधारित किया है। जगमोहन



ने ही 'नान कडावुल' के संवाद लिखे हैं। हिन्दी संवाद स्वरूप श्रीनिवास ने तैयार किए हैं। मगर दाद देनी होगी नायक और कोरियोग्राफर (जिसका नाम मुझे मिला नहीं) की। इस फिल्म में जब रुद्रन का पिता उसे काशी में छोड़ कर चला जाता है, तो वह अघोरी के रूप में बड़ा होता है। मगर जब परिवार उसे वापस लाता है तो उसके लिए सांसारिक जीवन में एडजस्ट होना कठिन होता है। पूरी फिल्म में 7 गाने हैं जिनका संगीत दक्षिण के प्रसिद्ध संगीतकार इलैईराजा ने दिया है। ओम शिवो अहम, शिवो अहम...' गीत विजय प्रकाश और वाली ने लिखा है। सिनेमाटोग्राफ़र हैं, आर्दर ए. विल्सन। विभिन्न 9 पुरस्कारों से सजी यह फिल्म देखनी बनती है।

### मलयालम की फिल्म सोलो

यदि शिव से जुड़ी फिल्म देखनी है तो मलयालम के प्रसिद्ध और खूबसूरत अभिनेता दुल्खर सुल्तान तथा निर्देशक बिजय नम्बियार की फिल्म 'सोलो'देखें। फिल्म एक एंथॉलॉजी है जो चार भिन्न लोगों की कहानी कहती है। चारों में नायक दुल्खर सलमान ही हैं।



कहानी चार विभिन्न तत्वों: क्षिति, जल, पावक, समीर के इर्द-गिर्द घूमती है। स्क्रीनप्ले भी विजय नम्बियार का है तथा संवाद कार्तिक आर. अय्यर के हैं। और सिनेमाटोग्राफ़र हैं सेजल शाह, मधु नीलकंठन तथा गिरीश गंगाधरन।

### शिव के इर्द-गिर्द हिन्दी सिनेमा

हिन्दी सिने प्रेमियों को सबसे पहले याद आएगा गाना, 'जय जय शिव शंकर, कांटा लगे न कंकर...'। शिव की बात हो और भांग न घुटे यह कैसे हो सकता है, सो यहां फिल्म 'आपकी कसम' में एक जमाने के सर्वप्रिय अभिनेता राजेश खन्ना और फिल्म की नायिका मुमताज ने भांग चढ़ा ली है। खूबसूरत हिमालय और उसकी वादी में फिल्माया गया यह गीत खूब चला और आज भी बराबर सुनाई देता है। 1974 में बनी यह फिल्म निर्देशक जे. ओम प्रकाश की पहली फिल्म थी। इसमें राजेश खन्ना, मुमताज के अलावा संजीव कुमार, रहमान, असरानी तथा ए. के. हंगलने भी काम किया है। संगीत आर. डी. बर्मन का है और उन्हें इस फिल्म केलिए फिल्मफेयर नामांकन मिला था। गीतकार आनंद बख्शी का रचा यह गीत उस साल बिनाका गीतमाला की वार्षिक सूची में दूसरे नंबर पर रहा।

### शोले फिल्म की यादें आज भी ताजा

शोले फिल्म के संवादों ने एक नया इतिहास कायम किया। इससे पहले फिल्म के संवाद के कैसेट शायद ही बिके, शायद ही खरीदे और बजाए जाते थे। एक-एक संवाद लोगों को जबानी याद हो गया था। अब जब संवादों की बात हो रही है तो भुलक्कड़, चुलबुली हेमामालिनी यानि बसंती का वो डॉयलॉग याद करें जब उसे मंदिर जाना था लेकिन डाकिए का चश्मा देने



वह इमाम साहब के यहां चली आती है और थोड़ी बकबक करने के बाद उसे मंदिर की याद आती है। तांगेवाली पूजा की थाली लिए मंदिर पहुंचती है। वह मौसी के कहे पर सोमवार के सोमवार शिवजी के मंदिर में माथा टेकने पहुंचती है, ताकि ऐसा पति मिले कि दुनिया जले। मगर उसके नंदी (शिव की सवारी) को माथा टेकने से पहले धर्मेंद्र विशाल शिव मूर्ति के पीछे पहुंच कर शिवजी के रूप में कन्या को संबोधित कर बताता है कि उसके होने वाले पति का नाम वीरू है।

## खबर संक्षेप

### निगरानी कमेटी में प्राप्त आठ आवेदनों पर चर्चा

**सोनीपत।** अनुसूचित जातियों-जनजातियों की सुरक्षा व अत्याचार निवारण के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगराधीश डा. अनमोल ने कमेटी सदस्यों का कहा कि वे समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास करें। सेवा विभाग के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए लोगों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें।

### टीम ने एनएसएस शिविर में पहुंचकर दी सेवाएं

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय खरखौदा में डॉ. पूनम यादव के नेतृत्व में एनएसएस यूनिट वन के तत्वाधान जारी सात दिवसीय शिविर का पांचवां दिन स्वयं सेविकाओं ने सुबह प्रभात फेरी व योग से किया। तत्पश्चात छात्राओं ने गांव में जाकर प्रार्थना से दिनभर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### विश्व चिंतन दिवस धूमधाम से मनाया

**गोहाना।** शनिवार को जागसी गांव स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में विश्व चिंतन दिवस धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम भारत स्काउट एंड गाइड की जिला सोनीपत इकाई के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) नीरज सांगवान ने कहा कि विश्व चिंतन दिवस महिला गाइड्स और महिला स्काउट्स से जुड़ा हुआ है जो युवा महिलाओं को महत्वपूर्ण विचारों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### ट्रक और पचास हजार की राशि लेकर क्लीनर फरार

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्टर कंपनी का क्लीनर ट्रक और पचास हजार रुपये लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। ट्रक मालिक ने संपर्क किया तो आरोपित क्लीनर और उसके साथियों ने ट्रक छोड़ने की एवज में 70 हजार रुपये की मांग की है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। वहीं आरोपित ने ट्रक की जीपीएस सिस्टम भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

### घर से हजारों रुपये की राशि और जेवरात चोरी

**सोनीपत।** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव पिनाना स्थित मकान से जेवरात व हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने मकान के अंदर आवाज सुनी, उसने चोरी कर रहे युवक को पहचान लिया। आरोप है कि चोर धमकी देकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### फोटोग्राफर को घायल करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने हवाई फायर कर घायल करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी भदाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित दबोचा

**सोनीपत।** राई थाना सोनीपत पुलिस ने दुकान से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रवि उर्फ सुनारा निवासी कबीरपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### घायल मिला चालक उपचार के दौरान मौत

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खेवड़ा के पास क्षतिग्रस्त गाड़ी के सामने घायल अवस्था में चालक के मिलने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भिजवाया। जहां से हालत गंभीर होने के चलते नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

#### करनाल पं. चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिता हुई

# विज्ञान प्रदर्शनी में जीवीएम कॉलेज की छात्राओं ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करते जीवीएम की छात्राओं ने चार पुरस्कार जीते

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

उच्चतर शिक्षा निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जीवीएम गर्ल्ज कालेज ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती है। साथ ही चार कालेज की छात्राओं ने चार पुरस्कार भी अपने नाम किए हैं। संस्थाज के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनको स्वर्णिम भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। जीवीएम के विज्ञान संकाय की डीन पुनीता बतरा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करनाल के पं. चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं को प्रतिभागिता का मौका मिला। अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में जीवीएम ने नौ पुरस्कार जीते थे। अब राज्य स्तर पर भी जीवीएम की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में उन्नहत्तर महाविद्यालयों के एक सौ अड़त्तीस छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जीवीएम की छात्राओं ने बोटनी तथा ज्योग्रफी विभाग के वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए। बोटनी की छात्राओं बीएससी द्वितीय वर्ष मेडिकल की उर्वी व बीएससी तृतीय वर्ष मेडिकल की साक्षी ने प्रोटैक्टिंग ग्रोथ प्रोमोटिंग रेजीलेंस विषय पर मॉडल प्रदर्शित किया, जिसे राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिला।

साथ में उर्वी को बेस्ट एक्सप्लेनेटर के पुरस्कार से भी सुशोभित किया गया। इसी प्रकार ज्योग्रफी में रिमोट सेंसिंग:मैपिंग अ ब्राइट फ्यूचर विषय पर बीए ज्योग्राफी ऑनर्स प्रथम वर्ष की साक्षी व निकिता ने मॉडल प्रस्तुत करते हुए प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थायन हासिल किया। साथ में बीए ज्योग्रफी ऑनर्स प्रथम वर्ष की निकिता को बेस्ट एक्सप्लेनेटर के पुरस्कार से नवाजा गया। इस प्रदर्शन के बल पर जीवीएम ने ओवरऑल ट्रॉफी भी अपने नाम की। प्रभारी प्राध्यापिका के रूप में शिवानी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेता दल का अभिनंदन किया।



सोनीपत। विजेता छात्राएं जीती गई ट्राफियां दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि




खरखौदा। खिलाड़ियों को संबोधित करते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### शारीरिक विकास में खेलों की अहम भूमिका : मोर

**खरखौदा।** झिंझोली गांव स्थित सूर्या फाउंडेशन में राष्ट्रीय खेल महोत्सव का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कर्नल अशोक मोर ने कहा कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में खेलों की अहम भूमिका है। खेल-भावना जीवन में सफलता का आधार है। कहा भी जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलकूद से युवा जीवन में आने वाली समस्याओं का सामना करने में सक्षम होते हैं। सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष भारत यूथ क्लब के युवाओं की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में युवा भाग लेते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से युवा खिलाडियों की प्रतिभा को खोजने, निखारने और आगे बढ़ाने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है। देश के 6 राज्यों के 80 विजेता खिलाडियों की प्रतियोगिता दिल्ली में कराई जा रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं में खेल में रूचि और आगे बढ़ने का हौसला जागृत होगा। सामाजिक कार्यकर्ताओं, क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों, संतों का मार्गदर्शन युवा पीढ़ी को मिलता है। इस खेल आयोजन से गाँव में युवाओं के हुनर को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। कहना न होगा कि हमारे ऐसे ग्रामीण खेल जो आज विलुप्त होने जा रहे है, ऐसे खेलों को संरक्षित करके आगे बढ़ने का कार्य किया जा रहा है।



गन्नौर। प्रधान व नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर कश्यप के नेतृत्व में विधायक से हो निर्माण की मांग करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## विधायक से कश्यप समाज सेवा समिति ने की हॉल निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

कश्यप समाज सेवा समिति, कश्यप समाज धर्मशाला, निकट ज्ञान साधना आश्रम, खेड़ी रोड के पदाधिकारी ने प्रधान व नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर कश्यप के नेतृत्व में विधायक देवेंद्र कादियान से मांग पत्र सौंपकर हॉल निर्माण करने की मांग की। मांग में पदाधिकारियो ने विधायक कादियान को बताया कि हमारी धर्मशाला में एक हॉल की आवश्यकता है, क्योंकि हमारे समाज के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन में बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है। हॉल होगा तो इससे समाज के गरीब वर्गों को मदद मिलेगी। हॉल के निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 35 लाख रुपये है। इस मौके पर सचिव राजेश , कैशियर सचिन कश्यप , सोनू कश्यप (बारू) जगदीश फौजी , महावीर कश्यप, जीत कश्यप, कृष्ण कश्यप आदि मौजूद मौजूद थे।

### हिस्ट्रीशीटर पर हमलावर, छत से कूदकर बचाई जान

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव मेहंदीपुर के हिस्ट्रीशीटर ने कई युवकों पर उनके घर में घुसकर हमला करने की कोशिश का आरोप का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि हमलावर दरवाजा तोड़कर घर में घुसे थे। हिस्ट्रीशीटर का आरोप है कि उन्होंने छत से कूदकर जान बचाई। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों को नामजद कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मेहंदीपुर निवासी नीरज ने बताया कि उनका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ मुरथल थाने में सात-आठ मुकदमे दर्ज है। सोमवार सुबह करीब तीन बजे वह बाथरूम में गया हुआ था। उसकी पत्नी कमरे में उनकी बेटी के साथ सो रही थी। तभी उनके घर में दरवाजा जोड़कर कई युवक घुस आए। उन्होंने बाथरूम से आकर देखा तो चार युवक अंदर घुस आए थे। उनके लंबे बालों वाले लड़के के हाथ में पिस्तौल था। उसके बाद चार युवक छत ही तरफ भागे। जिस पर उन्होंने जान बचाने को छत से छलांग लगा दी। उसके बाद वह भाग गया। नीरज ने सोनू मेहंदीपुर, मोनू, सुखबीर, मोहित मच्छौला पर हमला की कोशिश का आरोप लगाया है। उसकी इनसे रंजिश है। मुरथल थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों को नामजद कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुशील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## हाईटेंशन टॉवर पर चढ़ा युवक सप्लाई चालू न होने से बची जान

- तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नीचे आया, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी के पास से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन के टावर पर युवक चढ़ गया। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। उसके बाद प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंची। जहां तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक को टॉवर से नीचे उतारा। युवक मानसिक रोगी बताया जा रहा है। हालांकि बिजली लाइन में करंट न होने के चलते उसकी जान बच गई। युवक का नशे का आदि भी बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्याऊ मनियारी के पास हाईटेंशन टावर पर युवक चढ़ा हुआ है। टीम मौके पर पहुंची। जहां टावर पर चढ़ा युवक चिल्ला रहा था। पुलिस टीम व फायर ब्रिगेड और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा गया। मौके पर युवक के परिजनों को बुलाया गया। जिन्होंने बताया कि वह नशे की लत का शिकार है, जिसके चलते उसका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। उसकी 40 साल की उम्र के बावजूद शादी नहीं हुई, जिससे वह मानसिक रूप परेशान रहता है।




गोहाना। डॉ.वी के आहूजा को स्मृति चिन्ह भेंट करते महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश।

### पेटेंट करवाने से हमारा शोध कार्य सुरक्षितः प्रो. सुदेश

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ और विधि विभाग द्वारा आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस युग में बौद्धिक संपदा का भविष्य, बदलते कानूनी प्रतिमान विषय पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। पेटेंट सूचना केंद्र हरियाणा राज्य नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय वरिष्ठ प्रोफेसर व इंडियन ला इंस्टीट्यूट के निदेशक डा. वीके आहूजा रहे। डा. वीके आहूजा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए कानूनी ढांचे को विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित नवाचार स्वामित्व, पेटेंट और कापीराइट कानूनों की पारंपरिक धारणाओं को नया आकार दे रहा है। मुख्य वक्ता वैज्ञानिक डा. राहुल तनेजा ने बौद्धिक संपदा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अंतर-संबंध पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुदेश ने की। कहा कि पेटेंट करवाने से हमारा शोध कार्य सुरक्षित होता है। पेटेंट के प्रति जागरूकता जरूरी है। नोडल अधिकारी डा. प्रमोद मलिक व डा. सीमा दहिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।

## कुलपति ने किया पुस्तक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के अंग्रेजी विभाग में मार्च 2024 में सांस्कृतिक क्रोनिकल्सः लोक कथाओं और पौराणिक कथाओं पर दृष्टिकोण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था। कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किए गए शोध पत्रों का एक संग्रह मिथक और लोक कथाएं रीडिंग नैरेटिव्ज ऑफ कल्चर नाम से पुस्तक का विमोचन मंगलवार को महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया।

प्रो. सुदेश ने कहा कि यह पुस्तक वैश्विक लोक कथाओं और पौराणिक कथाओं की समृद्ध विरासत का एक अभिलेख है, तथा इस पुस्तक का उद्देश्य इन कथाओं में निहित अर्थ को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि प्राचीन सभ्यताओं की पौराणिक कथाओं से लेकर स्थानीय समुदायों की मौखिक परंपराओं तक, प्रत्येक शोध पत्र यह दर्शाता है कि ये कथाएं न केवल सामाजिक मानकों, शक्ति संरचनाओं और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रतिबिंबित करती हैं बल्कि उन्हें आकार भी देती हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने पुस्तक की लेखक प्रो. गीता फोगाट, प्रो. शालिनी अत्रि, डॉ. सुदीप्ता सील व डॉ. पल्लवी को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रो. गीता फौगाट, प्रो. शालिनी अत्री, डॉ. सुदीप्ता सील व डॉ. पल्लवी मौजूद रहे।



गोहाना। पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

### नौवीं से 11वीं के विद्यार्थियों के लिये छात्रवृति परीक्षा 2 से

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर द्वारा 2 मार्च से 30 मार्च तक छात्रवृति परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कक्षा एक से नौ वीं और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होगी। परीक्षा में भाग लेने वाले 50 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा गन्नौर क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक अच्छे विद्यालय में पढ़ने के सपने को साकार करने का एक अच्छा अवसर प्रदान करेगी, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे प्रधानाचार्या ने छात्रों और उनके अभिभावकों को परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## हमारे पर्व हमारी संस्कृति के संवाहकः प्रदीप चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



दीनबन्धु सर छोटूराम विचार समिति के अध्यक्ष प्रदीप चहल ने कहा कि हमारे पर्व हमारी संस्कृति के संवाहक हैं। हमें अपने त्योहारों को सभ्य तरीके से धूमधाम के साथ मनाना चाहिए। हम अपने त्योहारों को जितने अच्छे ढंग से मनाएंगे हमारी सांस्कृतिक पहचान विश्व में उतनी ही मजबूत बनेगी। वे मंगलवार को महाशिवरात्रि पर्व के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।अध्यक्ष प्रदीप चहल ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हमें किसी भी परिस्थिति में शांत और स्थिर रहकर अहंकार मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यह पर्व केवल हर्ष व उल्लास का प्रतीक नहीं है अपितु यह हमारी संस्कृतिक का संवाहक भी है। इसी दिन भगवान शिव का विवाह मां पावर्ती के साथ सम्पन्न हुआ था और उन्होंने वैराग्य छोडक़र गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। प्रदीप चहल ने कहा कि महाशिवरात्र पर्व का वैज्ञानिक महत्व भी है। इस दिन चंद्रमा और पृथ्वी की स्थिति मानव शरीर की जैविक घड़ी को संतुलित करने में मदद करती है।



सतकुम्भा उत्सव में पहुंचे सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के साथ सतकुम्भा धाम के श्रीमहंत राजेश स्वरुप महाराज व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### पौराणिक धरोहर सतकुंभा धाम को विकास की जरूरत : सांसद

**गन्नौर।** सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने सतकुंभा तीर्थ के ऐतिहासिक महत्व पर जोर देते कहा कि यह स्थल भारत की धार्मिक विरासत का प्रतीक है। यह सप्तर्षियों की तपस्थली और मानधाता की राजधानी रही है। यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर में रावण और मंदोदरी ने भगवान शिव की आराधना की थी। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि इस तीर्थस्थल के जीर्णोद्धार और संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां षि-मुनियों की शिक्षाओं को आत्मसात कर सकें। सांसद ने सतकुंभा उत्सव के दौरान शिव स्तोत्र महायज्ञ में आहुति दी और कहा कि भारत ने हमेशा विश्व को धर्म, ज्ञान और शांति का संदेश दिया है। भगवद्गीता, वेदों और सप्तर्षियों के योगदान को उन्होंने भारतीय संस्कृति की धरोहर बताया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मनःसतकुंभा उत्सव में हरियाणवी लोकनृत्य और शिव स्तुति की शानदार प्रस्तुतियां हुईं। रीतू रानी एंड पार्टी के कलाकारों काजल, खुशी, इशिका, रीना, काजल वर्मा, राहुल और मुकेश ने लोकगीतों पर प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा

- वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को पांच साल कैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खरखौदा थाना क्षेत्र में नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित व वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र (फास्ट कोर्ट) की अदालत ने दोनों दोषियों को अलग-अलग धाराओं में सजाएं सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है।

जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने विकास निवासी खरखौदा व सोनू निवासी थाना खुर्द को सजा सुनाई है। एक महिला ने 9 अक्टूबर 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी हाथ व पैर से दिव्यांग है। लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। महिला ने अज्ञात पर बेटी का अपहरण कर अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया था। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने लड़की को रोहतक से बरामद किया था। उसका मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। मामले में सुनवाई करते एएसजे नरेंद्र (फास्ट कोर्ट) की अदालत ने दोषी विकास को 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी मानते 20 साल कैद की सजा व 50 हजार जुर्माना, आईपीसी की धारा-323 में एक साल कैद व पांच सौ रुपये जुर्माना, धारा-365 में पांच साल कैद की सजा व तीन हजार रुपये जुर्माना, 84 ऑफ जेजे एक्ट में पांच साल कैद व तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

**राजनीति** सोनीपत में पहले खजूर के पेड़ लगाने में और फिर पेड़ उखाड़ने में हुआ घोटाला

# भाजपा के ट्रिपल इंजन में एक इंजन लूटता है बाकी दो इंजन देते हैं संरक्षणः दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सोनीपत निगम में बड़े पैमाने पर घोटाले, भ्रष्टाचार और शहर की दुर्दशा के अलावा कोई काम नहीं हुआ। यहां एक नहीं डबल-डबल घोटाले हुए। सोनीपत में पहले खजूर के पेड़ लगाने में घोटाला हुआ फिर पेड़ उखाड़ने में घोटाला हुआ। न खजूर मिला, न कहीं खजूर का पेड़ मिला। सांसद हुड्डा मंगलवार को कांग्रेस के मेयर पद प्रत्याशी कमल दिवान के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कोरोना काल में सैनिटाइजर घोटाला, सफाई व स्ट्रीट लाइट घोटाला, सीसीटीवी कैमरे का घोटाला बड़े स्तर पर अंजाम दिया गया। सोनीपत से कई गुना बड़ी दिल्ली में जितना खर्चा सैनिटेशन का नहीं हुआ होगा उससे ज्यादा खर्च सोनीपत में सैनिटेशन के नाम पर हुआ। बिना टेंडर के घोटाले करके पैसा हजम कर दिया गया। सोनीपत में अहंकार, भ्रष्टाचार के लिये जो जिम्मेदार थे, वो आज फिर बीजेपी से से मेयर का टिकट लेकर आ गये। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के समय हुए विकास कार्यों को लोग आज भी याद कर रहे हैं। उनकी सरकार के समय यहां रेलवे लाइन, सड़क, हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटीज बनी। 7 सरकारी विश्वविद्यालय, विश्वस्तर के संस्थान आये। सोनीपत शिक्षा नगरी के रूप में आगे बढ रहा था। लेकिन, बीजेपी सरकार ने हरियाणा को विकास की पटरी से उतार दिया। 11 साल की सरकार में सोनीपत में एक भी नया विकास कार्य नहीं हुआ। बीजेपी राज में सोनीपत में कोई विवि बननी तो दूर की बात है, एक कॉलेज भी नहीं खुला।



खजूर दिखाते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा साथ में कमल दिवान, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार व जगबीर मलिक।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व सांसद धर्मपाल मालिक,पूर्व विधायक जगबीर मालिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, विधायक इंदु राज नरवाल, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, सुरेंद्र शर्मा, जयभगवान आंतिल, सुरेंद्र दहिया, सोनीपत से प्रत्याशी कमल दीवान, सुरेन्द्र दहिया, प्रेम अत्री, सुरेंद्र छिकारा, मनोज रिढ़ाऊ, राजीव सरोहा, अशोक छाबड़ा, प्रदीप गौतम, कमल हसीजा, मनजीत गहलावत, संजीव दहिया, रवि परूथी, सुनील कटारिया आदि मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय एकेडमिक फेस्टिवल में प्राप्त किए पदक

सोनीपत। छोटू राम आर्य कालेज सोनीपत के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय एकेडमिक फेस्टिवल में आयोजित कई प्रतियोगिताओं में जीत प्राप्त की। यह एकेडमिक फेस्टिवल कार्यक्रम टीकाराम कन्या महाविद्यालय सोनीपत में आयोजित किया गया था। विजेता विद्यार्थियों के महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह व डॉ. ऊषा दहिया (टीम कोऑर्डिनेटर) ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया व उज्जवल भविष्य की कामना की। राजनीति विज्ञान विषय भाषण प्रतियोगिता में विनीत ने प्रथम, पार्थ ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इतिहास की प्रतियोगिता में कोलाज मेकिंग में नीरज प्रथम रहा।

**सरपंच ग्राम पंचायत रिवाड़ा, खण्ड व तहसील गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रिवाड़ा में मछलीपालन हेतु नया तालाब की बोली दिनांक 12.03.2025 को प्रातः 10 बजे पुराना पाना की चौपाल में होनी निश्चित हुई है। बोली की शर्तें मौके पर ही पढ़कर सुनाई जाएंगी। बोली की सिक्योरिटी राशि 25 हजार रुपये जमा करवानी होगी। तालाब की बोली प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत पट्टे की पहली किश्त मौके पर ही जमा करवानी होगी।
मोबाइलः-98137-56249, 9802200278

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत रिवाड़ा
तहसील गोहाना (सोनीपत)

## खबर संक्षेप

### प्रदर्शनी में हड़प्पा कालीन मुहरें, दुर्लभ सिक्के दिखाए

**सोनीपत।** सेक्टर-12 में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत में के इतिहास विभाग द्वारा मंगलवार को इतिहास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल की प्राचार्या डॉ. सीमा ठाकरान ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि ये प्रदर्शनी विद्यार्थियों के विषय के ज्ञान में वृद्धि करती हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन वशिष्ठ ने इस कार्यक्रम का संचालन किया। जिसमें हड़प्पा सभ्यता की मुहरें, दुर्लभ सिक्के, डाक टिकट, पुस्तकें, बर्तन इत्यादि प्रदर्शित की गई। इसमें हिन्दू कॉलेज, बीपीएसएमवी खानपुर कलां, राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल आदि संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### केबल चोरी की घटना में आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस ने खेत से केबल चोरी की घटना में संलिप्त आरोपित गांव मिर्जापुर खेड़ी के उत्तम व संजय को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गांव मिर्जापुर खेड़ी के प्रदीप ने सिंचाई के लिए अपने खेत में ट्यूबवेल लगा रखा है और बिजली का कनेक्शन ले रखा है। उसने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके खेत से ट्यूबवेल कनेक्शन की एक एकड़ लंबाई की केबल चोरी कर ली गई।

### खरखौदा में वार्ड-13 की स्थित दुकान में चोरी

**खरखौदा।** शहर के वार्ड 13 में स्थित एक दुकान में चोरी हो गई है दुकानदार ने जब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की तो पाया कि उसमें दो नकाबपोश दुकान में चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सुनील कुमार का कहना है कि उसने वंश किरयाणा स्टोर के नाम से कन्या कॉलेज के पास दुकान की हुई है। तीन दिन पहले उसकी दुकान का ताला तोड़कर चोर उसकी दुकान में घुसे, दोनों चोरों ने अपनी पहचान को छिपाने के लिए चेहरे को छुपा रखा था।

पानी सप्लाई करने वाली लाइन की वॉल खराब

# नागरिक अस्पताल में दिन भर पानी के लिए तरसते रहे मरीज और तीमारदार

- देर शाम तक ठीक हुई पानी सप्लाई की वॉल

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल में मंगलवार को मरीजों व उनके तीमारदारों सहित स्टाफ को पानी की एक बूंद नसीब नहीं हुई। दिन भर प्यास व अन्य कार्यो में पानी का इस्तेमाल न होने के चलते कार्य रुके रहे। देर शाम बाद वॉल को ठीक करने के बाद पानी की सप्लाई चालू हो सकी। उसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने राहत की सांस ली। बता दें कि मौजूदा समय में नागरिक अस्पताल में हर रोज ओपीडी रजिस्ट्रेशन की संख्या दो हजार से ज्यादा दर्ज की जा रही है। अस्पताल में मरीजों को उपचार के लिए घंटों लाइन में खड़े होने पर मजबूर होना पड़ता है। मौसम के बदलाव के चलते लंबी लाइनों में लगने के कारण गले सूखने लगते है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से



सोनीपत। खराब हुई वाल्व व ठीक करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

अलग-अलग स्थानों पर पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है, लेकिन मंगलवार को दिन भर अस्पताल में आने वाले मरीज उनके तीमारदारों सहित अस्पताल स्टाफ को परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में दिन भर पानी की समस्या से जूझना पड़ा। पानी सप्लाई करने वाली लाइन की वॉल खराब होने के चलते परेशानी दिन भर रही। देर शाम चार बजे के बाद वॉल ठीक होने पर अस्पताल में पानी मुहैया हो सका।

**समस्या दूर करवाई**

अस्पताल में पानी सप्लाई करने वाली पाइप लाइन की वाल्व सुबह छह बजे के करीब खराब हो गई थी। जिसे देर शाम चार बजे के बाद जाकर बदला जा सका। उसके बाद पेयजल की समस्या दूर हो सकी। हालांकि किसी ने कोई शिकायत नहीं की है। पानी की मांग की जाती तो उसे मुहैया करवाया जाता। प्रबंधन की तरफ से समय रहते समस्या को दूर करने के प्रयास किए जाते है।

-डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

- चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्रों के लिए हुआ कार्यक्रम

# प्रतिभा शो कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ⏩ गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के छात्रों का प्रतिभा शो का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। विद्यालय के मैनेजर अजय यादव, डायरेक्टर पूजा यादव, विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि जैन, अभिभावकोंको का सभी विद्यार्थियों ने स्वागत किया गया।

कक्षा तीसरी से पांचवी तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और नृत्य,गायन, भाषण, नाटक आदि अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए द्य जिसमें विद्यार्थियों ने पानी बचाओ, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूक किया व आने वाले त्योहार शिवरात्रि,होली को भी अपने कार्यक्रम के जरिए प्रदर्शित किया द्य विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि जैन ने सभी को दीपों का महत्व समझाया तथा देश की भविष्य के लिए विद्यार्थियों को रोशनी के समान बताया। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।




गन्नौर। कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र अपने अभिभावकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## विश्वकर्मा मन्दिर धर्मशाला में मूर्ति स्थापना, निकाली कलश यात्रा

**गन्नौर।** श्री विश्वकर्मा मन्दिर धर्मशाला में भगवान शिव व भगवान शनि की मूर्ति की स्थापना की गई। इससे पूर्व मन्दिर समिति द्वारा शहर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं और शहर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने साम्मलित होकर शोभा बढ़ाई। इसके पश्चात मन्दिर में हवन का कार्यक्रम के उपरान्त भगवान शिवजी एवं शनि देव मूर्तियों को स्थापित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान सुलेख चन्द, सचिव जोगेन्द्र धीमान, कोषाध्यक्ष विनोद जागड़ा,नरेश जांगड़ा, प्रवीन पांचाल, देवेन्द्र त्यागी, हरिओम पांचाल, ईश्वर जागड़ा, कर्मवीर पाचाल, हरनाम जागड़ा आदि ने सहयोग किया।



गन्नौर। श्री विश्वकर्मा मन्दिर धर्मशाला के पदाधिकारी मूर्ति स्थापना करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# युद्ध के खिलाफ खड़ा होना हम सभी की साझा जिम्मेदारी : रोहित पंडा

- यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की तीसरी वर्षगांठ को लेकर शांति के लिए स्वर्णप्रस्था स्कूल में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩ राई

सोमवार को रूस के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की तीसरी वर्षगांठ की स्मृति में शांति एवं एकजुटता कायम रखने के उद्देश्य से स्वर्णप्रस्था स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर शांति प्रतीक के रूप में गुब्बारा उड़ाकर अपनी सजग भागीदारी दर्ज की व विगत तीन वर्षों से जारी इस युद्ध विराम के लिए प्रार्थना की। सभी अध्यापक-अध्यापिका यूक्रेन के रंग में रंगे



राई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र शांति कायम रखने के लिए संदेश देते हुए।

नजर आए। अपने विशेष अंदाज में शिक्षकों व छात्रों ने सभी ने पीले एवं नीले रंगों का सम्मिलित परिधान पहना। सभी यूक्रेन के राष्ट्रीय झंडे के रंग में एकजुट होकर अमन एवं शांति की प्रार्थना में अपनी सहभागिता दर्ज की। विद्यालय ने यूक्रेन के साथ भारत के सहसंबंधों की मजबूती का संदेश भी दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चूंकि हमारे देश भारत का मूलमंत्र ही शांति एक सार्वभौमिक मूल्यों का अनुपालन है, और किसी भी युद्ध के खिलाफ खड़ा होना हम सभी की साझा जिम्मेदारी भी रही है। इस मौके पर मुख्याध्यापक एसपी सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक आदि मौजूद रहे।

## युवक को तीन लोगों ने बीच रास्ते में रोककर पीटा

**गोहाना।** गांव नूरण खेड़ा में दुकान पर सामान लेने गए युवक की तीन लोगों ने बीच रास्ते में रोककर मारपीट की। उसे धमकी देकर भाग गए। युवक को नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। विक्की ने पुलिस को बताया कि वह गांव के बस स्टैंड पर दुकान से सामान लेने गया था। वहां पर शिवा समेत तीन लोग आए और उससे कहासुनी करते हुए गाली देने लगे। उसने गाली देने से मना किया और घर जाने लगा। तीनों ने उसका रास्ता रोककर डंडे से पीटना शुरू कर दिया और धमकी देकर भाग गए। पुलिस और एंबुलेंस मौके पर आई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया।

# राजनीति में नेता बनने नहीं, लोगों की सेवा करने के लिए आया हूं : कमल दीवान

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

सोनीपत नगर निगम मेयर के लिये कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान ने कहा कि वे राजनीति में नेता बनने नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने के लिए आए हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार के सपने पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। नगर निगम के पास अपना बजट होता है। नगर निगम क्षेत्र में काम करने के लिए केन्द्र या प्रदेश सरकार का मुंह नहीं देखना पड़ता। सोनीपत नगर निगम के विकास के लिए भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की जरूरत है। जनता का आशीर्वाद मिला तो यह काम वे करके दिखाएंगे। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सोनीपत की जनता ने जिन्हें दो बार विधायक बनाया, उन्होंने



सोनीपत। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा साथ में कांग्रेस प्रत्याशी कमल दिवान। फोटो : हरिभूमि

अपने कार्यकाल में जनता की भलाई के लिए कोई कदम नही उठाया। यही वजह थी कि जनता ने 2019 में उन्हें आईना दिखा दिया था। कमल दीवान ने कहा कि उनके इस अहंकार का जवाब 2 मार्च को सोनीपत की जनता देगी। इससे पूर्व मंगलवार को ही कमल दिवान के पक्ष में सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने जनसभा को भी संबोधित किया। इस दौरान कमल दिवान ने पूर्व मंत्री के कार्यकाल में हुए खजूर घोटोले में कटाक्ष किया कि नगर निगम में जीत के बाद वे लड्डू की बजाए खजूर बंटवाएंगें।

# लोगों की भावनाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि बुधवार दोपहर 1 बजे से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विजय संकल्प यात्रा का कार्यक्रम शुरू होगा। राजीव जैन ने मंगलवार को आईटीआई चौक, कामी रोड श्री श्याम रस प्रचार मंडल, मैप्सको सिटी, छोटूराम चौक, आदर्श नगर, प्रगति नगर, लहराड़ा, सेक्टर-14 स्थित आरोग्या फिजियोथैरेपी सेंटर, भाटान मोहल्ला, राजीव कॉलोनी, सुंदर सांवरी, विकास नगर गली नंबर-8, जीवन विहार एक्सटेंशन, देवड़ू, उत्तराखंड भवन पटेल नगर, ऋषिकुंज कॉलोनी गली नंबर-2,



सोनीपत। जनसभा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन।

शिव मंदिर जनता कॉलोनी, चावला कॉलोनी गोकुलधाम सब्जी मंडी के पास, ओल्ड महावीर कॉलोनी बालाजी मंदिर के पास आदि जगहों पर सभाओं को संबोधित करते हुए लोगों से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विजय संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए आह्वान किया। इस सभाओं में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का फूल मालाओं से स्वागत किया। राजीव जैन ने कहा कि वे अपने कार्यों से नगर निगम क्षेत्र की भावनाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

## कारागार के अंदर की फोटो सोशल मीडिया पर डाली, गुप्तचर विभाग की शिकायत पर हुई कार्रवाई

- शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर की जांच शुरू

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के गोहाना रोड स्थित कारागार के अंदर की फोटो सोशल अकाउंट पर अपलोड करने का मामला सामने आया है। गुप्तचर विभाग की तरफ से पुलिस आयुक्त को शिकायत दी गई। जिसके बाद शहर थाना सोनीपत पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त कार्यालय को सूचना मिली थी कि इंटरनेट पर जेल के अंदर की फोटो डाली गई है। मामले की जांच सेक्टर-27 क्राइम यूनिट को सौंपी गई। जांच के बाद सामने आया है कि इंटरनेट पर फोटो गांव शाहपुर तुर्क के रितेश उर्फ पोलू ने डाली है। मामले को लेकर शहर थाना पुलिस को शिकायत भेजी गई। जिसके बाद कोर्ट कांप्लेक्स चौकी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# कॉलेज में खेल उत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ गन्नौर

सीसी एएस जैन गर्ल्स कॉलेज गन्नौर में खेल उत्सव का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने किया। उन्होंने छात्राओं को खेल के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। इस दौरान 15 खेलों के लिए प्रतियोगिता में 406 छात्राएं खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही हैं । खेल समारोह का समापन 28 फरवरी को होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम गनौर प्रवेश कदियान, विधायक देवेंद्र कादियान की पत्नी रानी कादियान, समालखा विधायक मनमोहन भडाना की पत्नी मनप्रीत भड़ाना शिरकत कर विजेता छात्राओं को पुरस्का वितरित करेंगी । कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन संस्था के प्रधान आनंद जैन करेंगे। लेमन रेस, मटका रेस,बैडमिंटन, रोप जंप, 100 मीटर रेस,200 मीटर रेस मेकअप रेस,योग, कैटवॉक सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । सभी खेलों में छात्राओं ने बड़े जोश और उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।



गन्नौर। खेल उत्सव का शुभारंभ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# राई हलके की सड़कों के नवीनीकरण के लिए मंजूर करवाए साढ़े सात करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏩ राई

- कृष्णा गहलावत ने कहा राई में विकास व सुविधाओं को और सुदृढ़ करेंगे



राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने राई हलके के विकास को बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये की मंजूरी दिलाई है। इससे राई हलके के विभिन्न गांवों की प्रमुख सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी, ताकि लोगों को बेहतरीन कनैक्टिविटी के साथ अच्छी संचार सुविधा मिल सके। राई की विधायक कृष्णा गहलावत दिन-रात राई के विकास के चिंतन में लगी रहती हैं।

वे राई और राईवासियों को हर प्रकार की बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत रहती हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने सड़कों से की है। उन्होंने विधायक बनते ही मुख्यमंत्री के सामने राई की सड़कों के नवीनीकरण की मांग रखी, जो स्वीकृत हो गई हैं। मार्केटिंग बोर्ड की सड़कों के नवीनीकरण के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। उनके अथक प्रयासों ने रंग दिखाया है, जिससे लोगों को सड़कों की बेहतरीन सुविधा मिलेगी। विधायक कृष्णा गहलावत के अनुसार जाखौली से खेवड़ा, जाखौली झुंडपुर रोड से पबसरा रोड तथा नाथूपुर से पीतमपुरा तक तीन सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए लगभग एक करोड़ तिहत्तर लाख उनसठ हजार रुपये (1 करोड़ 73 लाख 59 हजार) की स्वीकृति मिली है। साथ ही किशोरा फिरनी से किशोरा स्कूल तक व कमासुपर से नांदनौर और मेहंदीपुर से दीपालपुर वाया कमासपुर सड़कों की कायाकल्प के लिए करीब तीन करोड़ अट्ठाईस लाख अट्ठाईस हजार रुपये (3 करोड़ 28 लाख 28 हजार) की मंजूरी प्राप्त हुई है। इसी प्रकार भैंरा बांकीपुर बांध से दहिसरा, दहिसरा से पल्ला दिल्ली तथा बख्तावरपुर से यमुना नदी और सेरसा से जांटी कलां तक लगभग दो करोड़ तिरतालिस लाख बारह हजार रुपये (2 करोड़ 43 लाख 12 हजार) मंजूर किए गए हैं।

# नई प्रबंधन समिति गठित, सीए प्रतीक को बनाया आईटीटी समिति अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏩ सोनीपत

आईसीएआई सोनीपत शाखा (एनआईआरसी) की नई प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। पूर्व अध्यक्ष सीए हितेश ढुल ने बताया नई समिति के अध्यक्ष सीए विजय, उपाध्यक्ष सीए राजेश रानी, सचिव सीए मोहन कुमार, कोषाध्यक्ष सीए अक्षय गर्ग सोनीपत निकासा अध्यक्ष, सीए ध्रुव कुच्छल, और आईटीटी एवं न्यूजलेटर समिति अध्यक्ष सीए प्रतीक गुप्ता हैं। नई कमेटी के साथ पुरानी कमेटी के सदस्य सीए वरुण वत्स, सीए शुभम गर्ग, सीए राजेश अरोड़ा, सीए अजय दहिया, सीए परवीन मदान, सीए आकाश वशिष्ट, सीए विजय गोसाईं, सीए भूपेश खन्ना, सीए संजय गर्ग, सीए निशा, सीए पायल, सीए अक्षय, सीए आलोक गर्ग, एडवोकेट संदीप मलिक व अन्य भी शामिल थे। सब ने नई प्रबंधन समिति को उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।



सोनीपत। प्रबंधन समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी।

## शिवरात्रि पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ राई

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रेणु विद्या मंदिर में धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रत्नेश सिंह ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े के मार्गदर्शन में हुआ। श्रद्धा और भक्ति के साथ शिव आरती से हुई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात रेणु विद्या मंदिर के समावेशी (इन्क्लूसिव) विद्यार्थियों ने अत्यंत प्रभावशाली शिव तांडव की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही, नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। सभी शिक्षकगण, स्टाफ और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।



राई। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

## 3 गांवों में राशन डिपो का निरीक्षण किया

**गोहाना।** खाद्य आपूर्ति विभाग के डीएफएससी ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र के तीन गांवों के राशन डिपो का निरीक्षण किया। गांव खानपुर खुर्द में राशन डिपो पर स्टाक बोर्ड लगा नहीं मिला। अधिकारियों के पूछने पर डिपो संचालक ने कहा कि आंधी में बोर्ड उड़ गया। क्षेत्र में कई दिन से आंधी नहीं आई है। अधिकारियों ने डिपो संचालक को डिस्प्ले बोर्ड लगाकर रिपोर्ट करने के आदेश दिए। मुख्यालय द्वारा जिले के अधिकारियों को समय-समय पर गांवों में पहुंचकर राशन डिपो की जांच करने के आदेश दिए हुए हैं। जिन राशन डिपो की जांच करनी होती है उनके नाम भी मुख्यालय द्वारा ही जारी किए जाते हैं। इस बार मुख्यालय की तरफ से जांच के लिए गांव धनाना, घड़वाल और खानपुर खुर्द के राशन डिपो की लिस्ट जारी की गई। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरबीर रावत, गोहाना के एएफएसओ राजेश नासिर, कर्मवीर, बलविंद्र पहले गांव धनाना और उसके बाद घड़वाल में जांच के लिए पहुंचा। दोनों जगह सब ठीक पाया गया। अधिकारी जब गांव खानपुर खुर्द पहुंचे तो राशन डिपो पर स्टाक डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगा मिला। इस पर अधिकारियों ने पूछा तो डिपो संचालक ने कहा कि बोर्ड आंधी में उड़ गया।